# न्यायालय— अवर न्यायाधीश तृतीय, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण

स्वत्व वाद संख्या :— 168/2014
CIS No. :— TS/174/2018
CNR :— BRWC22–000138–2018

ध्रुव चौधरी एवं अन्य **बनाम्** शेख नवाब एवं अन्य

| दिनांक | आदेश फलक | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| **21.03.2022** | अभिलेख पेश हुई। पुकार करायी गयी। पुकार पर वादी व प्रतिवादी विद्वान अधिवक्ता उपस्थित।<br>वादी की ओर से प्रार्थनापत्र दिनांक 21.03.2022 आदेश 22 नियम 3 सिविल प्रक्रिया संहिता समर्थित शपथपत्र प्रस्तुत किया गया।<br>वादी विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रार्थनापत्र दिनांक 21.03.2022 के निस्तारण पर बल दिया गया।<br>उभयपक्ष के विद्वान अधिवक्तागण को प्रार्थनापत्र दिनांक 21.03.2022 पर सुना गया।<br>**निस्तारण प्रार्थनापत्र दिनांक**—21.03.2022<br>वादी के द्वारा प्रार्थनापत्र दिनांक 21.03.2022 आदेश 22 नियम 3 सिविल प्रक्रिया संहिता समर्थित शपथपत्र वादी संख्या 1 ध्रुव चौधरी की मृत्यु दिनांकित 12.02.2022 को हो जाने के पश्चात वादी संख्या 1 ध्रुव चौधरी के स्थान पर उनके विधिक प्रतिनिधिगण को प्रतिस्थापित कराये जाने की याचना के साथ प्रस्तुत किया गया है। वादी संख्या 1 ध्रुव चौधरी के विधिक प्रतिनिधि 1—ललन चौधरी, 2—प्रमोद चौधरी एवं 3—पुशकर चौधरी हैं।<br>प्रतिवादी की ओर से विद्वान अधिवक्ता द्वारा मौखिक आपत्ति की गई है।<br>उभयपक्षो के विद्वान अधिवक्तागण को सुना एवं अभिलेख का सम्यक परिशीलन किया।<br>अभिलेख के सम्यक परिशीलन से स्पष्ट है कि वादी संख्या 1 ध्रुव चौधरी की मृत्यु उपरान्त उपरोक्त प्रतिस्थापना प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें वादी संख्या 1 ध्रुव चौधर की मृत्यु की तिथि दिनांक 12.02.2022 | |

# न्यायालय— अवर न्यायाधीश तृतीय, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण

स्वत्व वाद संख्या :— 168/2014
CIS No. :— TS/174/2018
CNR :— BRWC22–000138–2018

ध्रुव चौधरी एवं अन्य **बनाम्** शेख नवाब एवं अन्य

| | | |
|---|---|---|
| **लगातार**<br>**21.03.2022** | अंकित है। उपरोक्त प्रार्थनापत्र शपथपत्र से समर्थित है तथा समयावधि के अन्दर है। प्रतिवादी की ओर से वादी संख्या 1 ध्रुव चौधरी के वारिसानो के संबंध में कोई आपत्ति नहीं की गई है।<br>अतः प्रार्थनापत्र दिनांकित 21.03.2022 न्यायहित में स्वीकार किये जाने योग्य है।<br>**आदेश**<br>प्रतिस्थापना प्रार्थनापत्र दिनांक—21.03.2022 स्वीकार किया जाता है। वादी वादपत्र में वांछित संशोधन/प्रतिस्थापना विधि द्वारा निर्धारित समयावधि के अन्दर करना सुनिश्चित करे।<br>अभिलेख वास्ते अग्रिम कार्यवाही/प्रतिवादी साक्ष्य हेतु दिनांक—23.03.2022 को पेश हो।<br>( मानस कुमार )<br>अवर न्यायाधीश तृतीय<br>न्याय कक्ष—4 नरकटियागंज। | |